बीएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा, कार्रवाई ठण्डे बस्ते में

शा. कन्या महाविद्यालय सिंगरौली का मामला, जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में हुई थी बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। भोजमुक्त विश्वविद्यालय 2025-26 की परीक्षा जुलाई महीने में शासकीय कन्या महाविद्यालय सिंगरौली में आयोजित हुई थी। जहां इस परीक्षा में फर्जीवाड़ा किये जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जांच के बावजूद दो महीने बाद भी संबंधित जनों के विरूद्ध कार्रवाई न होने पर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य भी सवालों में घिरते नजर आ रहे हैं।

दरअसल शासकीय कन्या महाविद्यालय सिंगरौली में 24 जुलाई को भोजमुक्त स्नातक की परीक्षा आरंभ थी। इसी दिन बीएससी तृतीय एवं अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं चल रही थी। बीएससी तृतीय में वीक्षक क्रमांक 1 ने छात्रों की संख्या 12 बताया था, लेकिन परीक्षा में शामिल परिक्षार्थियों की संख्या 10 बताई गई। जहां सीसीटीव्ही कैमरे एवं केन्द्राध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान सही पाया गया। लेकिन वीक्षक क्रमांक 2 ने उपस्थित परिक्षार्थियों की संख्या 11 बताया था। यहीं से केन्द्राध्यक्ष को वीक्षक क्रमांक 2 के हावभाव एवं कार्य के प्रति शक हुआ, केन्द्राध्यक्ष ने तीन सदस्यीय टीम गठित किया। टीम में डॉ. उपेन्द्र कुमार मिश्रा संयोजक, डॉ. जितेन्द्र कुमार एवं सुहासिनी श्रीवास्तव सदस्य के रूप में रखे गये। उक्त टीम ने जांच किया, जहां चौकाने वाले मामले सामने आये। सूत्र बता रहे हैं कि जांच टीम ने पाया कि परीक्षा संबंधि कार्यो वीक्षको एवं परीक्षा अधीक्षक ने केन्द्राध्यक्ष से छुपाकर एक परीक्षार्थी को लाभ पहुंचाने के लिए कारनामा किया। जांच टीम ने परीक्षा के दौरान सीसीटीव्ही कैमरे को खंगाला, जहां वीक्षक क्रमांक 1 परीक्षा कक्ष से दूर कुर्सी पर बैठे पाये गये एवं वीक्षक क्रमांक 2 निरंतर ड्यूटी का संपादन नही किया और परीक्षा कक्ष में अंदर-बाहर बार-बार करते पाये गये। साथ ही परीक्षा अधीक्षक डॉ. असलेन्द्र जायसवाल ने तत्काल कापियां लिफाफे में पैक करने का प्रयास किया, परंतु परीक्षार्थी 10 थे और कापियां 11 पैक की गई। जहां स्नातक बीएससी तृतीय वर्ष, वनस्पति शास्त्र-मेजर प्रथम वर्ष की थी। उत्तर पुस्तिका क्रमांक 464486 पाई गई, जो कॉपी आलमारी से निकाली गई। रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया है कि उत्तर पुस्तिका अधीक्षक डॉ. असलेन्द्र कुमार जायसवाल के द्वारा हस्तलिखित प्रतीत होती है। परीक्षा के दौरान उन्होंने कॉपी नही लिया। ऐसे में माना है कि समय से पहले प्रश्न पत्र खोले गये। परीक्षा अधीक्षक ने छात्र आकाश कुमार जायसवाल पर मेहरवानी दिखाया है, जबकि वह उस तिथि के परीक्षा में शामिल नही हुआ था और न ही उपस्थिति रजिस्टर में परीक्षार्थी के हस्ताक्षर नही हैं और उत्तर पुस्तिका में छात्र का हस्ताक्षर कूटरचित तरीके से परीक्षा अधीक्षक के द्वारा किया गया है, ऐसा माना गया है। जांच प्रतिवेदन 24 जुलाई को ही प्राचार्य को सौप दिया गया। कन्या कॉलेज सिंगरौली के प्राचार्य ने दूसरे दिन 25 जुलाई को थाना मोरवा के साथ-साथ अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढ़न को जांच प्रतिवेदन के साथ पत्राचार कर अवगत कराया, लेकिन दो महीने बाद भी कार्रवाई ठण्डे बस्ते में चली गई है।

परीक्षा अधीक्षक समेत तीन पर कार्रवाई करने पत्राचार

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिंगरौली के प्राचार्य ने उक्त परीक्षा में परीक्षा अधीक्षक डॉ. असलेन्द्र कुमार जायसवाल पर आरोप है कि इन्होंने प्रतिदिन परीक्षा में डॉ. कमलेश कुमार पाण्डेय एवं ज्योति वर्मा की वीक्षकीय ड्यूटी लगाई जाती रही, जबकि महाविद्यालय में शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहता है। प्राचार्य ने माना है कि परीक्षा में अनियमितता परीक्षा अधीक्षक एवं वीक्षक डॉ. कमलेश कुमार एवं ज्योति वर्मा ग्रेड-3 की मिलीभगत से फर्जी वाड़ा हुआ है और यह सब योजनाबद्ध तरीके से हुआ है। प्राचार्य ने इन तीनों पर कार्रवाई करने के लिए पत्राचार किया, लेकिन उक्त कार्रवाई ठण्डे बस्ते में डाल देने से अग्रणी प्राचार्य भी सवालों में घिर रहे हैं।

इनका कहना :-

कार्रवाई जरूर होगी, सितम्बर महीने में जांच रिपोर्ट जेडी रीवा के यहां भेज दिया गया है, कार्रवाई में समय लगती है। एफआईआर के लिए हमारे यहां से नही लिखा गया है।

डॉ. एमयू सिद्धिक्की
प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न

प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है नाली का निर्माण कार्य

एक-एक फीट दूरी पर सरिया लगाने का आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 28 के कचनी मोड़ से काचन नदी तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन आरोप लग रहे हैं कि संविदाकार सरिया लगाने में कंजूसी कर रहा है। इन आरोपो में कितना दम है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। उपयंत्री की भूमिका पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।

दरअसल नपानि के वार्ड क्रमांक 28 कचनी मोड़ से लेकर काचन नदी तक 82 लाख रूपये की लागत से नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, किंतु आरोप है कि निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार कार्य नही कराया जा रहा है, बल्कि लोकल सरिया के साथ-साथ एक-एक फीट पर सरिया लगाई जा रही है। ऐसे में कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं, साथ ही उपयंत्री के द्वारा की जा रही है अनदेखी पर भी लोगबाग सवाल उठाने लगे हैं। यहां के कई रहवासियों ने निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

एक नजर में

लापरवाह ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करें

सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यो को तय समय सीमा में पूरा करायें। निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। निर्माण कार्यो में देरी करने वाले ठेकेदारो के विरूद्ध कार्यवाही करे। साथ ही संबंधित कार्यो के कार्यपालन यंत्री हर माह निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जन प्रतिनिधियों से इनका लोकार्पण कराएं।

नवोदय में कक्षा 11वीं की लैटरल प्रवेश परीक्षा 21को

सिंगरौली। प्राचार्य नवोदय विद्यालय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष में भी कक्षा 11वीं में लैटरल प्रवेश परीक्षा कराई जा रही है। इस परीक्षा को क्वालीफाई करने के बाद परीक्षार्थी का प्रवेश अन्य नवोदय विद्यालय में हो जाएगा। उक्त तिथि में संशोधन करते हुये प्रवेश परीक्षण तिथि अब 21 अक्टूबर तक कर दी गई है।

संयुक्त व्यापार मण्डल ने कलेक्टर से किया मुलाकात

सिंगरौली। संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी की नेतृत्व में कलेक्टर गौरव बैनल से सौजन्य भेंट कर सिंगरौली आने के लिए शुभकामनाएं दी। भेंट करने वालों में सुरेंद्र नोतवानी, संजय ताम्रकार, सत्यनारायण सोनी, गोपाल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

ननि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला फिर गरमाया

नवागत कलेक्टर से मिले कांग्रेस पार्टी के पार्षद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। नगर पालिक निगम सिंगरौली में इन दिनों ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कराने को लेकर कांग्रेस, बसपा एवं आप के पार्षद सक्रिय हैं। हालांकि इनकी संख्या 22 है। फिर भी अविश्वास प्रस्ताव के लिए जोर अजमाइश कर रहे हैं। आज दिन शनिवार को फिर से कांग्रेस पार्टी के पार्षद नवागत कलेक्टर से मुलाकात किये।

दरअसल नगर निगम में महापौर एवं अध्यक्ष के बीच अनबन है और अब चर्चा है कि नगर निगम में दबाव की राजनीति शुरू हो गई है। ननि अध्यक्ष को मेयर एवं उनके समर्थक निशाने पर लिया है। हालांकि यह भी चर्चाएं की जा रही हैं कि ननि चुनाव के वक्त आम आदमी पार्टी के मेयर प्रत्याशी रानी अग्रवाल ने 25 वायदे की थी और विधिवत घोषणा पत्र भी जारी किया था। लेकिन तीन साल में एक भी घोषणाएं पूरी नही हैं और इसी के चलते मेयर की किरकिरी हो रही है और अब ननि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए जोर अजमाइश की जा रही है। जबकि विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह ने खुला चैलेंज कर दिया है कि एक बार मेयर अविश्वास कराकर दिखाएं। विधायक के इस चैलेंज से भाजपा के पार्षदों का हौसला बढ़ा है। इधर आज कांग्रेस पार्टी के पार्षद नवागत कलेक्टर गौरव बैनल से मुलाकात की। कलेक्टर से कांग्रेस पार्षदों की हुई मुलाकात को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है।

कलेक्टर का स्वास्थ्य सेवकों को दो टूक, अपने दायित्वो का करें निर्वहन

कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के कार्यों का किया समीक्षा, अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने का किया इशारा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य संबंधित पैरामीटरो की जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभाग द्वारा जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि सीएमएचओ सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग का अमला क्षेत्रो का नियमित रूप से भ्रमण करे। साथ ही विभागो द्वारा संचालित किए जा रहे जन हित कार्यक्रमो एवं स्वास्थ्य संबंधित पैरामीटरो के तहत कार्य कर प्रगति लाये। साथ ही कहा कि मेरे द्वारा भी औचक रूप जिला अस्पताल सहित पीएसी एवं सीएचसी का निरीक्षण किया जायेगा। निर्धारित समयो पर चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे एवं अपने दायित्वो का निर्वहन करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण एवं कुपोषित बच्चों को लक्ष्य के अनुरूप ब्लॉकवार स्वास्थ्य केन्द्रो में भर्ती कराई जाये। साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही समय पर इनका टीकाकरण स्वास्थ्य चेकअप भी किया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमो की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमो के माध्यम से शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से प्रकरणो का फॉलोअप करे। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमो एवं उनके पैरामीटरो के प्रगति की जानकारी से अवगत करायें। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कल्पना रवि, डीपीएम सुधांशु मिश्रा, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. पंकज सिंह, डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

50 वर्षों के जश्न में विंध्याचल में गूंजी ठहाकों की गूंज

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 11 अक्टूबर। एनटीपीसी की गौरवशाली 50 वर्षीय यात्रा के उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल में उमंग भवन में एक मनोरंजक हास्य संध्या का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन विन्ध्या क्लब द्वारा किया गया, जिसमें प्रसिद्ध हास्य कलाकार अमित तंडन और जसप्रीत सिंह ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उमंग भवन पूरी तरह खचाखच भरा हुआ था, जहां कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा महिला क्लब की सदस्याओं ने हंसी और खुशी से भरी शाम का भरपूर आनंद लिया। हास्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से युवा दर्शकों को खूब प्रभावित किया, जिससे समारोह और भी जीवंत एवं यादगार बन गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अमित तंडन और जसप्रीत सिंह को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

रागिनी ने हरिहर किले पर लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 11 अक्टूबर। गहिलगढ़ ईस्ट की सीडीटी रागिनी शाह पिता कविश प्रसाद शाह एवं माता श्रीदेवी शाह की सुपुत्री ने महाराष्ट्र के नासिक जिले स्थित ऐतिहासिक एवं दुर्गम हरिहर किले पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का तिरंगा लहराया।

विधायक रामनिवास शाह ने रागिनी के इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दिया। रागिनी शाह वर्तमान में एनसीसी एनसीसी की कैडेट है। कठिन परिस्थितियों और खड़ी चट्टानों पर साहसिक चढ़ाई पूरी करते हुए उन्होंने अपने साहस, लगन और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सिंगरौली जिले के लिए यह गौरव का क्षण है, क्योंकि यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली क्षेत्र की पहली बेटी बनी हैं।

सिंगरौली में हादसों व हंगामों पर भी ध्यान दे कलेक्टर : ज्ञानेंद्र

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। जिला में बढ़ रहे औद्योगीकरण के साथ हादसों में भी बेतहाशा बढ़ोत्तरी का सृजन हुआ है, लगभग सभी हादसों के बाद हंगामा बरपना भी अपने आप में कम नहीं है, प्रत्येक सड़क दुर्घटना या औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए अपर्याप्त सुरक्षा भी मौतों का कारण बनता रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप हंगामा भी हादसा का पर्याय बन गया, यह बेहद चिंतनीय है।

जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अपने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि जिले में बीते वर्षों से जिस तरह हादसों में बाढ़ आई है और हंगामा ही उसके समाधान का एकमात्र पर्याय बन गया है। यह जिले के जागरूक नगरिको और प्रशासन के लिए बड़ी समस्या और चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिले के नवागत कलेक्टर गौरव बैनल से जिले के निवासियों में बड़ी उम्मीदें जगी हैं, जिले की वर्तमान प्रमुख समस्याओं में ग्रामीण क्षेत्र में भू-अर्जन, विस्थापन, स्थाई एवं अस्थाई परिसंपत्तियों का मूल्यांकन एवं मुआवजा सहित बेरोजगारी पर सकारात्मक समाधान होगा। इस पर आमजनों की आशा भरी निगाहें टिक गई हैं, निश्चित रूप से पूर्व का अनुभव इन विषयों पर निराशाजनक एवं विवादास्पद रहा है, जिस कारण उम्मीदों पर संदेह भी स्वाभाविक है, पर विचार सकारात्मक है। वक्तव्य में आगे पूर्व अध्यक्ष द्विवेदी ने कहा कि बीते वर्षों में जिले में दुर्घटनाओं के कारण अनेक असमय मौतें हुई हैं, इनमें जो मौतें कंपनियों के कोयला परिवहन वाहनों से या संस्थानों में अपर्याप्त सुरक्षा कारणों से होने बाली मौत या घायल होने पर उनके परिजनों को मुआवजा देने की परंपरा प्रशासन द्वारा बनाई गई है जो शा. सहायता के अतिरिक्त है, किंतु बिना हंगामा मुआवजा मिलना संभव नहीं होता है। इस पर एक ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिसमें हादसा से मौत पर उनके परिवार को और घायल को समुचित एवं पकृति के अनुरूप समान रूप से मुआवजा प्रदान करने का प्रावधान हो तथा किसी घटना या दुर्घटना पर अप्रिय स्थिति निर्मित होने की दशा में जन सामान्य के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण बनाया जाता है, किंतु कंपनी पर नहीं बनाया जाता, इसके प्रमाण मौजूद है।

800-800 मेगावॉट की लगेंगी दो इकाईयां, कार्य तेजी से शुरू

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 11 अक्टूबर। एनटीपीसी सिंगरौली-शक्तिनगर में विस्तारीकरण का कार्य तीव्र गति से जारी है। जहां तृतीय चरण के लिए 800-800 मेगावॉट की दो इकाईयों की स्थापना की जाना है।

देश हित में चल रहे इस विस्तारीकरण कार्य को लेकर अधिकारी वर्ग सतत प्रयासरत है। तदाशय को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि यह योजना भारत के प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिसके तहत विद्युत आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए एनटीपीसी तृतीय चरण के विकास के लिए चक भूमि एजेंसी को प्रदान कर रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ एनटीपीसी विधि सम्मत कार्रवाई करेगा। चूंकि यह परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है और प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। जहां जिला प्रशासन का भी सहयोग एनटीपीसी को मिल रहा है। बताया कि हाल ही में एसडीएम ने आकर परियोजना स्थल का निरीक्षण किया था। वहीं प्रशासनिक अधिकारी लगातार आकर परियोजना विस्तारीकरण कार्य के प्रति अपना सहयोग और निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के विस्तार के लिए जन सहयोग की भी आवश्यकता रहती है और उन्हें यह सहयोग लगातार मिल रहा है। फिर भी कुछ आवांछित तत्व होते हैं जो विकास कार्य में बाधा डालने का प्रयास करते हैं।

बाल विवाह रोकने जागरुकता अभियान चलाने पर जोर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहे नागरिक समाज संगठन कनपुरा कुटुंबकम संस्थान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में जिले में दिवाली से 26 जनवरी तक बाल विवाह के खिलाफ एक सघन और व्यापक अभियान चलाने में सहयोग मांगा। साथ ही ज्ञापन में कहा कि केंद्र सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लगभग एक साल पूरे होने जा रहे हैं और जिले में इसे मिली सफलताओं को और गति देने के लिए इस विशेष अभियान की आवश्यकता है। कनपुरा कुटुंबकम संस्थान ने कहा कि जिले में अब भी बाल विवाह की समस्या मौजूद है और इसी के मद्देनजर दीपावली से लेकर 26 जनवरी तक जिले में बाल विवाह के खिलाफ एक व्यापक और सघन अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग मांगा गया है। कनपुरा कुटुंबकम संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 450 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी का सहयोगी है।

कलेक्टर एनटीपीसी के आवास में नहीं, अब सरकारी बंगले में रहेंगे!

नवागत कलेक्टर की नवाचार पहल, कलेक्टर के सरकारी आवास की मरम्मत शुरू, अन्य अधिकारियों को सीख लेने की जरूरत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अक्टूबर। नवागत कलेक्टर गौरव बैनल के नवाचार पहल की प्रशंसा होने लगी है। कलेक्टर ने एनटीपीसी के बंगले में रहने के प्रस्ताव को ठुकराया है उन्होंने कलेक्टर के सरकारी बंगले में रहने की बात कहीं।

नवागत कलेक्टर ने बीते शुक्रवार को सरकारी बंगले का सपरिवार विधिवत निरीक्षण किया और कहा कि इसी में रहेंगे। इसके पश्चात आज दिन शनिवार को कलेक्टर के सरकारी बंगले की मरम्मत कार्य तेजी से शुरू हो गई है। जहां बंगले का रंग रोगन किया जा रहा है। इधर बता दे की जिला मुख्यालय बैढ़न के कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप कलेक्टर निवास भवन बनाया गया, लेकिन जब से यह भवन बना तब से आज तक कोई भी कलेक्टर इस भवन में रहने की जहमत नहीं जुटाई। जब कलेक्टरों ने रहने से मना कर दिया। इसके चलते उक्त भवन में तहसील कार्यालय शहरी सिंगरौली बना दिया गया। जब तहसील शहरी सिंगरौली कार्यालय पचौर में बना तो यह भवन फिर से खाली हो गया। उक्त भवन में कोई भी रहने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद सिंगरौली एसडीएम सृजन वर्मा ने रहने की जहमत जुटाए और रहने लगे। लेकिन जब से जिला बना कोई भी कलेक्टर उक्त भवन में रहने को तैयार नहीं हुए। नवागत कलेक्टर गौरव बैनल एनटीपीसी के बंगले में रहने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा पूछा गया कि क्या सरकारी बंगला नहीं बना है, जिस पर अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि बना है, लेकिन अभी तक कोई कलेक्टर उक्त भवन में नहीं रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से भवन देखने की बात कही और कलेक्टर गौरव बैनल ने सपरिवार सरकारी बंगले को देखने पहुंच गए और देखा तो उन्हें अच्छा लगा और मुख्यालय से नजदीक रहने की बात कही।